खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

934. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के बेकार प्रदर्शन को देखते हुए सरकार उन्हें भारत या विदेश में जो गहन प्रशिक्षण देने का विचार रखती है, उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या यह सच है कि धन की कमी के कारण खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण नहीं मिलता ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा): (क) खेलों के स्तर में सुधार लाने और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी स्तरों में उत्कृष्टता तक पहुंचने के लिये भारत सरकार ने विस्तृत मार्गदर्शी रूपरेखायें जारी की हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ एशियाई खेल, 1990 में हमारी टीमों की तैयारी के लिये पता लगाये गये प्रत्येक प्राथमिकता खेल विषयों से संबंधित दीर्घकालीन विकास कार्यक्रम की तैयारी अपेक्षित है । सभी प्राथमिकता खेल विषयों के बारे में दीर्घकालीन विकास योजना अब तैयार की गई है, उस पर चर्चा की गई है और यह स्वीकृत की गई है । इन दीर्घकालीन विकास कार्यक्रमों के अनुसार खिलाड़ियों का प्रशिक्षण चल रहा है ।

1987–88 में विभिन्न खेल विषयों में निम्नलिखित ब्यौरों के अनुसार कुल 65 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये थे :—

1. एथलेटिक्स	8
2. बैडमिन्टन	5
3. मुक्केबाजी	6
4. घुड़सवारी	—
5. हाकी (पुरुष)	5
6. हाकी (महिला)	5
7. जूडो	2
8. निशानेबाजी	3
9. तैराकी	3
10. बालीबाल	6
11. भारोत्तोलन	11
12. कुश्ती	7
13. नौकायन	2
14. तीरंदाजी	2
15. पाल नौकायन	—
	65

प्रशिक्षण योजना के एक भाग के रूप में टीमों/खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये विदेश भेजा गया था । कुछ खेल विषयों के लिये विदेशी प्रशिक्षकों की भी व्यवस्था की गई है ।

अपेक्षित उपस्करों की भी व्यवस्था की जा रही है ।

(ख) जी, नहीं ।

राजस्थान में रेल यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए राशि

935. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में रेल यात्रियों के लिये सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु चालू वित्तीय वर्ष में रेलवे द्वारा कितनी धनराशि निर्धारित की गयी है ;

(ख) राजस्थान में चालू योजना के अधीन पूरी की गयी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) राजस्थान में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार, कितनी धनराशि खर्च की गयी है ?